आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक : 15.11.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज तीन हजार करोड़ रुपये की 246 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

- प्रदेश में पंचायत चुनाव के चौथे और अंतिम चरण में कल संबंधित पंचायतों के पंच और सरंपच पदों के लिए मतदान होगा।

- राज्य में छठ पर्व का उल्लास–कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व सम्पन्न होगा।

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई स्थानों पर मौसम में बदलाव–कहीं–कहीं बारिश हुई।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 15 नवंबर 2021 को जनजातीय गौरव दिवस शुरू होने के बाद से यह दिवस राष्ट्रीय उत्सव बन गया है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आज जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब देश के पर्व और दिवस विदेशी दृष्टिकोण से जाने जाते थे लेकिन अब भारत स्वाभिमान की भावना के साथ अपनी विरासत, इतिहास और अपने नायकों को याद करता है।

.....

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा देश की दो प्रमुख उपलब्धियों की चर्चा चारों ओर होती है। उन्होंने कहा कि पहली उपलब्धि 50 करोड़ लोगों को अत्याधिक गरीबी से बाहर लाना तथा दूसरी उपलब्धि देश को नक्लसवाद और माओवादी आतंक से मुक्त कराना है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है जो लंबे समय से विकास की दौड में पिछड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में एक सौ आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी विकास खंडों के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना के तहत कृषि क्षेत्र में सबसे पिछड़े एक सौ जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

....

प्रधानमंत्री ने कुछ जनजातीय लाभार्थियों से बातचीत भी की। समारोह के दौरान श्री मोदी ने जनजातीय समुदायों के विकास के लिए करीब तीन हजार करोड़ रूपये की 246 विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अपने आवास से प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े और उन्होंने संबोधन को सुनने के बाद राज्य के जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज ने देश की संस्कृति परम्परा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदियो तक संघर्ष किया है। इस समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और महापुरूषो के बलिदान को सम्मान देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनजातीय महानायको को उचित सम्मान देने के लिए डूंगरपुर में डूंगर बरंडा और बांसवाडा के बासिया चार पोटा के स्मारको का निर्माण करवाया जा रहा है।

.....

प्रदेश में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। वहीं पाली में विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम हुए। पाली के कुंडाल गांव में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई।

0000

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के चौथे और अंतिम चरण में कल संबंधित पंचायतों के पंच और सरंपच पदों के लिए मतदान होगा। इनके लिए मतदान समाप्ति के बाद ही मतगणना कर नतीजे घोषित कर दिये जायेंगे। इसके अगले दिन उपसरपंच पदों के लिए चुनाव प्रकिया सम्पन्न होगी। इससे पहले कल चौथे और अंतिम चरण के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान सम्पन्न हुआ। पंचायत चुनाव के सभी चारों चरणों के लिए मतगणना एक साथ 20 नवम्बर को होगी। इस दिन पंचायत समितियों और जिला परिषदों के सदस्यों के चुनाव के नतीजे घोषित किये जायेंगे। इस बीच मुख्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. राजेश्वर सिंह आज करौली और सवाईमाधोपुर जिलों के दौरे पर रहे। वहां उन्होंने पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। वहीं सलूम्बर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में 30 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये है।

00000

नीति आयोग 17 नवम्बर से पांच राष्ट्रीय कार्यशालाओं की श्रृंखला शुरू करेगा। इन कार्यशालाओं में मिशन के रूप में नेतृत्व, क्रियान्वयन के रूप में शासन, समावेशन के रूप में विकास, सभ्यतागत पहचान और भारत की वैश्विक भूमिका विषय पर मंथन होगा। यह श्रृंखला अगले साल अक्टूबर तक जारी रहेगी। **मिशन के रूप में नेतृत्व** शीर्षक वाली पहली कार्यशाला 17 नवंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में प्रमुख शासन पहलों के प्रत्यक्ष अनुभव साझा किए जाएंगे, जिनमें 2001 के भूकंप के बाद कच्छ का पुनर्निर्माण, कोविड–19 के खिलाफ भारत की लडाई, लखपति दीदी पहल और अंतरिक्ष क्षेत्र का उदारीकरण शामिल हैं। इस श्रृंखला का उद्देश्य अनुभवों **को** दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करना और उन्हें सिविल सेवकों, शैक्षणिक संस्थानों, विद्यार्थियों और आम जनता के लिए केस स्टडी, शोध पत्रों और शिक्षण सामग्री में रूपांतरित करना है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर श्री बागडे ने कहा कि यह दिवस लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों की ओर ध्यान आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस से ही लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि यह दिवस भारतीय प्रेस परिषद–पीसीआई की स्थापना के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को मनाया जाता है।

0000

लोकआस्था और सूर्य उपासना का महापर्व, छठ **कल** उगते सूरज को अर्घ्य देकर सम्पन्न होगा। अंतिम दिन सूर्योदय से पहले श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर एकत्रित होंगे और सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपना छत्तीस घंटे का व्रत खोलेंगे। इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास का माहौल है। जगह–जगह छठी मैया के गीत गाये जा रहे है।

.....

इससे पहले आज महापर्व के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। जयपुर में गलता सरोवर पर आज सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के लोगों को छठ की शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि प्रकृति की पूजा को समर्पित यह पवित्र त्योहार लोगों के जीवन में नई ऊर्जा और स्फूर्ति लाए और सद्भाव तथा सामाजिक एकता को और मजबूत करे। उन्होंने सभी के जीवन में सूर्य देव के आशीर्वाद की प्रार्थना की और छठी मैया को नमन किया। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख शांति और आरोग्य की कामना की। गौरतलब है कि यह पर्व सूर्य और छठी मैया के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है।

00000

प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज मौसम में बदलाव आया। जयपुर में सुबह से बादल छाये रहे। कई अन्य स्थानों पर हल्की बारिश हुई। सीकर और अलवर सहित कई क्षेत्रों में रुक–रुककर बारिश का दौर जारी रहा। झुंझुनूं, चूरू और नागौर में बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई। बारिश होने से कई जिलों में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज प्रदेश के 10 जिलों में

बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कल से अगले चार–पांच दिन प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000